# नियम एवं शर्ते

1- DEBT RECOVERY AGENT के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक फर्म/ सस्थाओं द्वारा निविदा के आपूर्ति के सम्बन्ध में निविदा देने से पूर्व बैंक कार्य दिवस में बैंक के मुख्यालय रुद्रपुर में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

2 ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की 38 शाखाओं हेतु वसूली दरे (सुरक्षित एव असुरक्षित ऋणो हेतु पृथक-पृथक) सीलबन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है।

3. स्वीकृत निविदा वाली फर्म/ संस्थाओ के साथ कार्य करने से पूर्व बैंक कार्यालय द्वारा अनुबन्ध स्थापित किया जायेगा। अनुबन्ध में उल्लेखित नियम/ शतों के भीतर कार्य करना स्वीकार्य न होने की दशा में निर्गत आदेश निरस्त समझा जायेगा।

4. निविदा फॉर्म मूल्य 1000+ (18% जी०एं०टी०) निर्धारित है।

5. निविदा प्रपत्र के साथ फर्म/ सस्था द्वारा निम्न प्रपत्र की छाया प्रति संलग्न की जानी अनिवार्य है-

(i)- पैन कार्ड ।

(ii) व्यापार / वाणिज्य कर में पंजीकरण प्रमाण पत्र।

(iii) अनुभव प्रमाण पत्र (न्यूनतम 3 वर्ष) एवं कार्य संतोषजनक (Satisfactory) होने का प्रमाण पत्र। (वर्तमान में कार्यरत राष्ट्रीकृत बैंक के साथ कार्य करने वाली संस्था को वरियता प्रदान की जायेगी)

(iv) सरफेसी एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र।

(v) IIBF द्वारा DEBT RECOVERY AGENT के रूप मे प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र|

(vi) फर्म/ संस्था द्वारा रिकवरी ऐजन्ट रूप से कार्य करने वाली अपने कर्मचारियो का विवरण एव चरित्र प्रमाण पत्र।

(vii) इस आशय का प्रमाण पत्र की फर्म/ संस्था को किसी विभाग/ कार्यालय द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है।

(viii) पार्टनरशिप फर्म होने की दशा में पार्टनरशिप डीड|

6. निविदायें पंजीकृत डाक से प्रेषित की जायेगी अथवा निर्धारित तिथि तक बैंक कार्यालय में इस प्रयोजन हेतु बनाये गये ड्रॉप बॉक्स में जमा की जायेगी|

7. निर्धारित अवधि में प्राप्त न होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

8. निविदा खोलते समय निविदा दाता फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

9. प्राप्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बैंक की क्रय कमेटी के पास सुरक्षित होगा।

10. बैंक द्वारा DEBT RECOVERY AGENT के कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा की जायेगी | समीक्षा बैठक में कार्य संतोषजनक न पाये जाने की दशा में सम्बंधित DEBT RECOVERY AGENT फर्म के साथ बैंक अनुबंध समाप्त करने हेतु स्वतंत्र होगा अर्थात् DEBT RECOVERY AGENT फर्म का कार्य संतोषजनक न होने पर अनुबंध समाप्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित होगा|

11- DEBT RECOVERY AGENT हेतु इच्छुक फर्म/ संस्थाओं को **तकनीकी पात्रता मानदंड (Technical Eligibility Criteria)** और **वित्तीय प्रस्ताव (Financial Bid)** जमा करने के निर्देश इसप्रकार है कि एक लिफाफे के भीतर 03 पृथक छोटे लिफाफों में सुरक्षित ऋण हेतु वसूली दर, असुरक्षित ऋण हेतु वसूली दर एवं बिंदु 5 में वांछित समस्त दस्तावेजों को सीलबन्द एक साथ ड्रॉप बॉक्स में जमा की जायेगी|

12. बैंक से एम०ओ०यू० हस्ताक्षरित करते समय डेब्ट रिकवरी एजेंट (DRA) फर्म को मु० 50000/- रु० की सावधि जमा सिक्यूरिटी के रूप में बैंक के पक्ष में बंधक रखना होगा।

13. उक्त सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर प्रकरण सहकारी समिति अधिनियम 2003 एवं उत्तराखंड सहकारी समिति नियमावली 2004 के तहत निबंधक सहकारी समितिया उत्तराखंड देहरादून को संदर्भित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में निबंधक सहकारी समितिया उत्तराखंड देहरादून का निर्णय अन्तिम एवं उभय पक्षो को मान्य होगा।

सचिव/ महाप्रबंधक

मै ....................................................................घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा बैंक द्वारा निर्धारित नियम व शर्तों को पढ़ लिया है, जो मुझे मान्य है।

स्थान -

हस्ताक्षर

दिनांक -

फार्म/ संस्था के प्रो० का नाम